# विवि की छात्रा रिया यादव को मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया यादव के रिसर्च प्रोजेक्ट को भारत सरकार के अधीनस्थ सेंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।




गोहाना। छात्रा रिया यादव को बधाई देते महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

## छात्रा को दी बधाई

जानकारी देते हुए छात्रा के प्रोजेक्ट गाइड डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि स्टूडेंटशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शोध करने हेतु छात्रा को सेंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्कॉलरशिप दी जाएगी। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्रा को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि छात्राओं को शोध कार्य के लिए प्रेरित करें और उनका मार्गदर्शन करें। आने वाला समय इनोवेटिव प्रतिभाशाली युवाओं का है। विद्यार्थी जीवन में ही छात्राओं में मन में शोध के प्रति रुचि पैदा करें ताकि अपने करियर में आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पूरा प्रोत्साहन प्रदान करेगा। इस अवसर पर माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ वीणा, डॉ नरेश भार्गव व डॉ अमित भी मौजूद रहे।



रिया यादव महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश के साथ।(अरोड़ा)

# बी.पी.एस. की छात्रा के रिसर्च प्रोजैक्ट को केंद्र की मंजूरी

गोहाना, 6 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के माडू सिंह मैमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बी.ए.एम.एस. द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया यादव के रिसर्च प्रोजैक्ट को भारत सरकार के अधीनस्थ सैंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

छात्रा के प्रोजैक्ट गाइड डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि स्टूडैंटशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शोध करने के लिए छात्रा को सैंटर द्वारा स्कॉलरशिप दी जाएगी।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने छात्रा को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि छात्राओं को शोध कार्य के लिए प्रेरित करें और उनका मार्गदर्शन करें। आने वाला समय इनोवेटिव प्रतिभाशाली युवाओं का है।

विद्यार्थी जीवन में ही छात्राओं में मन में शोध के प्रति रुचि पैदा करें ताकि अपने करियर में आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पूरा प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

इस अवसर पर डॉ. वीणा, डॉ. नरेश भार्गव और डॉ. अमित भी मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणादायक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल विद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि के रूप में विश्ववारा गुरुकुल रुड़की की प्राचार्य पद्मश्री डॉ. सुकामा आचार्य ने छात्राओं को प्रेरित किया। अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की।

डॉ. सुकामा आचार्य ने कहा कि भगत सिंह ने ज्ञान रूपी जो दीपक बालिकाओं के लिए जलाया है, निश्चित ही यहां से कोई छात्रा लोकमाता व राजमाता बनकर निकलेगी। अहिल्याबाई होल्कर का चरित्र सेवा, समर्पण, धार्मिकता व उदारता से महान बना, उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम की सार्थकता तभी है, जब हमारी छात्राएं ऐसी महान आत्माओं के चरित्र को आत्मसात करें।

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, कशिश रावत द्वितीय, खुशबू व स्नेहा तृतीय रही।

कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. सरला, डॉ. पंकज मिश्रा व डॉ. कुलदीप खोखर मौजूद रहे।



**छात्राओं को पुरस्कृत करतीं विश्ववारा गुरुकुल रुड़की की प्राचार्य डॉ. सुकामा आचार्य, महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। संवाद**



प्रो. सुदेश और डॉ. सुकामा आचार्य विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। (अरोड़ा)

# अहिल्याबाई होल्कर पर करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम

गोहाना, 6 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के सहयोग से गुरुवार को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका, दूसरा स्थान कशिश रावत और तीसरा स्थान खुशबू और स्नेहा ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वी.सी. प्रो सुदेश ने की। मुख्यातिथि विश्ववारा गुरुकुल रुड़की की प्रिंसीपल पद्मश्री डॉ. सुकामा आचार्य ने छात्राओं से संवाद किया। डॉ. सुकामा आचार्य ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका चरित्र सेवा, समर्पण, धार्मिकता व उदारता से महान बना जिसे आज 300 वर्षों के बाद भी याद किया जा रहा है। उनका जीवन प्रेरणादायक है।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि कि शिक्षा के बल पर उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा ही एक ऐसा शस्त्र है जिसके बूते पूर्ण विकास संभव है। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता सिंह, सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल सुमिता सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. सरला, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. कुलदीप खोखर आदि मौजूद रहे।

# रिया के रिसर्च प्रोजेक्ट को मिली भारत सरकार की मंजूरी

**गोहाना** | खानपुर कला गांव में स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया यादव के रिसर्च प्रोजेक्ट को भारत सरकार के सेंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस ने मंजूरी दी है।




छात्रा के प्रोजेक्ट गाइड डॉ. नरेश भार्गव ने बताया कि स्टूडेंटशिप कार्यक्रम के तहत शोध के लिए रिया को स्कॉलरशिप दी जाएगी। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि छात्राओं को शोध के लिए प्रेरित करें और उनका मार्गदर्शन करें। आने वाला समय इनोवेटिव और प्रतिभाशाली युवाओं का होगा। विद्यार्थी जीवन में ही शोध के प्रति रुचि बढ़ानी होगी, ताकि करियर में आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। इस मौके पर माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ. वीणा, डॉ. नरेश भार्गव और डॉ. अमित मौजूद रहे।

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में अंशिका रही प्रथम

**गोहाना** | खानपुर कलां गांव में स्थित बीपीएस महिला विवि में गुरूवार को कन्या गुरूकुल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के सहायोग से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी मनाई गई। इस उपलक्ष्य में विवि में सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में अंशिका ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय व खुशबू व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेमिनार कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्ववारा गुरूकुल रूड़की से बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य पद्मश्री डॉ. सुकामा आचार्य ने छात्राओं को संबोधित किया। उ कार्यक्रम के दौरान दसवीं और 12वीं कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# 'अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणादायक'



छात्राओं को सम्मानित करते डा. सुकामा आचार्य, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य

**वि., गोहाना** : भगत फल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल विद्यालय में गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कि जबकि मुख्यातिथि विश्ववारा गुरुकुल रुड़की की प्राचार्य पद्मश्री डा. सुकामा आचार्य ने छात्राओं से संवाद किया। डा. सुकामा ने कहा कि ज्ञान रूपी जो दीपक भगत सिंह ने इन बालिकाओं के लिए जलाया है, निश्चित ही यहां से कोई छात्रा लोकमाता व राजमाता बन कर निकलेगी। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका चरित्र सेवा, समर्पण, धार्मिकता व उदारता से महान बना। उनका जीवन प्रेरणादायक है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम की सार्थकता तभी है जब हमारी छात्राएं ऐसी महान आत्माओं के चरित्र को आत्मसात करें। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका ने, दूसरा स्थान कशिश रावत ने और तीसरा स्थान खुशबू व स्नेहा ने प्राप्त किया। कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डा. सरला, डा. पंकज मिश्रा मौजूद रहे।

# रिया यादव के रिसर्च प्रोजेक्ट को मिली राष्ट्रीय स्वीकृति

जागरण संवाददाता, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के माड़ू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया यादव के शोध प्रोजेक्ट को भारत सरकार के सेंटर काउंसिल फार रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्वीकृति मिली है। इस उपलब्धि के लिए रिया को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।



शोध प्रोजेक्ट को भारत सरकार के सेंटर काउंसिल फार रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्वीकृति मिलने पर छात्रा रिया यादव के साथ कालेज स्टाफ • सौ. सुधी पाठक

छात्रा के प्रोजेक्ट गाइड डा. नरेश भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोध स्टूडेंटशिप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है, जिससे छात्रा को अपने अध्ययन को और आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।


# अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी

गोहाना। भगत फल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल विद्यालय में गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कि जबकि मुख्यातिथि विश्ववारा गुरुकुल रुडक़ी की प्राचार्य पद्मश्री डा. सुकामा आचार्य ने छात्राओं से संवाद किया। कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डा. सरला, डा. पंकज मिश्रा, डा. कुलदीप रहे।

## The First Update's Post

**The First Update**
17 hours ago

The First Update-
भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की बी ए एम एस द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया यादव के रिसर्च प्रोजेक्ट को भारत सरकार के अधीनस्थ सेंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।जानकारी देते हुए छात्रा के प्रोजेक्ट गाइड डॉ नरेश भार्गव ने बताया कि स्टूडेंटशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शोध करने हेतु छात्रा को सेंटर कौंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड साइंस द्वारा स्कालरशिप दी जाएगी। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने छात्रा को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि छात्राओं को शोध कार्य के लिए प्रेरित करें और उनका मार्गदर्शन करें। आने वाला समय इनोवेटिव प्रतिभाशाली युवाओं का है। विद्यार्थी जीवन में ही छात्राओं में मन में शोध के प्रति रुचि पैदा करें ताकि अपने करियर में आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पूरा प्रोत्साहन प्रदान करेगा। इस अवसर पर माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की प्राचार्य डॉ वीणा , डॉ नरेश भार्गव व डॉ अमित भी मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन :- 01. छात्रा रिया यादव को बधाई देते महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India



Translated into: English


# All India Media Association

(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)


English

Powered by Google Translate (https://translate.google.com)

Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)

06/02/2025 03:09 PM

## Teachers should inspire girl students to do research work- Vice Chancellor Prof Sudesh

The research project of Riya Yadav, a BAMS second year student of Madu Singh Memorial Ayurveda Institute of Bhagat Phool Singh Women's University Khanpur Kalan, has been approved by the Center Council for Research in Ayurveda and Science under the Government of India. Giving information, the student's project guide Dr. Naresh Bhargava said that the student will be given scholarship by the Center Council for Research in Ayurveda and Science to do research under the studentship program. Vice Chancellor of Women's University Prof. Sudesh congratulated and wished the student. He appealed to the teachers to inspire the students for research work and guide them. The coming time is of innovative talented youth. Create interest in research in the minds of students during student life itself so that they can prepare themselves for the challenges coming in their career. He said that the university administration will provide full encouragement to promote research work. On this occasion, Principal of Madu Singh Memorial Ayurveda Institute Dr. Veena, Dr. Naresh Bhargava and Dr. Amit were also present.

Photo Caption: - 01. Vice Chancellor of Women's University Prof. Sudesh congratulating student Riya Yadav.



**The First Update's Post**

The First Update
17 hours ago

The First Update-
खानपुर कलां -6 फरवरी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के सहयोग से आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कि जबकि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विश्ववारा गुरुकुल रुडकी, की प्राचार्य पद्मश्री डॉ सुकामा आचार्य ने छात्राओं से संवाद किया। स्वागत अभिभाषण कन्या गुरुकुल की प्राचार्य सुमिता सिंह ने दिया।
भगत फूल सिंह व बहन सुभाषिनी को नमन करते हुए डॉ सुकामा आचार्य ने महिला विश्वविद्यालय की पवन धरा को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान रूपी जो दीपक भगत जी ने इन बालिकाओं के लिए जलाया है निश्चित ही कोई छात्रा लोकमाता व राजमाता बन कर निकलेगी। इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका चरित्र सेवा , समर्पण , धार्मिकता व उदारता से महान बना जिसे आज 300 वर्षो के बाद भी याद किया जा रहा है। उनका जीवन प्रेरणादायक है। डॉ सुकामा ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश की कार्यशैली महिला जगत के लिए आदर्श है।
अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम की सार्थकता तभी है जब हमारी छात्राएं ऐसी महान आत्माओं के चरित्र को आत्मसात करें। ऐसे आयोजन प्रेरणादायक होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा ही एक ऐसा शस्त्र है जिसके बूते पूर्ण विकास संभव है।
इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में दसवीं व बारहवीं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका ने , दूसरा स्थान कशिश रावत ने तीसरा स्थान खुश्बू व स्नेहा ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।
इस अवसर पर कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह , मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ सरला , डॉ पंकज मिश्रा डॉ कुलदीप खोखर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन :- 001 . दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते डॉ सुकामा आचार्य व कुलपति प्रो सुदेश तथा कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह।
002. विजेता छात्राओं को सम्मानित करते डॉ सुकामा आचार्य व कुलपति प्रो सुदेश तथा कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह व अन्य ।
003 . डॉ सुकामा आचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो सुदेश।
#thefirstupdate #Latestnews #Bpsmvkhanpurkalan #womenuniversitykhanpurkalan #India

